दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 13 मुरादाबाद 05May 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड की पीएम से की मुलाकात, व्यापार और ऊर्जा समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई बात




कोपेनहेगेन, पीटीआइ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकब्सडाटिर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में सहयोग और द्विपक्षीय रिश्तों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी तीन यूरोपीय देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को बर्लिन से कोपेनहेगेन पहुंचे। उन्होंने दूसरे भारत नार्डिक शिखर सम्मेलन से इतर जैकब्सडाटिर से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड की प्रधानमंत्री जैकब्सडाटिर के साथ बातचीत की। उन्होंने व्यापार, ऊर्जा, मत्स्य पालन समेत अन्य क्षेत्रों में सहयोग एवं संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने अप्रैल 2018 में स्टाकहोम में पहली भारत नार्डिक शिखर बैठक के दौरान अपनी पहली बैठक को गर्मजोशी से याद किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने विशेष रूप से भू-तापीय ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, ब्लू-इकॉनमी, आर्कटिक, डिजिटल विश्वविद्यालय और संस्कृति समेत शिक्षा के क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। भूतापीय ऊर्जा एक ऐसा क्षेत्र है जहां आइसलैंड की विशेष विशेषज्ञता है। दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। जारी बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा की।मालूम हो कि पीएम मोदी की यूरोप यात्रा ऐसे समय हुई है जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग लड़ी जा रही है। इस घटना ने रूस के खिलाफ यूरोप के अधिकांश हिस्से को एकजुट कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए जैकब्सडाटिर के व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना की और उनको इस मसले पर भारत की प्रगति के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने भारत यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ व्यापार वार्ता में तेजी लाने पर भी चर्चा की।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण में आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत ने अपने यहां भू-तापीय ऊर्जा में सहयोगी परियोजनाओं का स्वागत किया है। आर्कटिक में सहयोग पर भी चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री मोदी डेनमार्क, आइसलैंड, फिनलैंड, स्वीडन और नार्वे के प्रधानमंत्रियों के साथ दूसरे भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं।

## भतीजे के मुंडन में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने निभाई रस्म



28 साल बाद अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार सुबह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गांव की सैर से दिन की शुरुआत की। वह गांव में घर के उसी कमरे में रूके, जहां उनका बचपन बीता। तड़के चार बजे उठने के बाद योगी आदित्यनाथ ने स्नान करने के बाद घर में ही पूजा की। छह बजे उन्हें चाय परोसी गई। इसके बाद सवा दो घंटे गांव की सैर करने के बाद वह वापस घर आये। इसके बाद उनकी चाय पर पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत समेत अन्य लोगों से विभिन्न मुद्दो पर चर्चा भी हुई। इस दौरान गांव में उनके पुराने मित्र एवं बुजुर्गों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया। जिन्होंने पुराने दिनों की यादें साझा की। करीब दस बजे मुंडन की तैयारियां शुरू हो गई। भतीजे अंनत को हल्दी बान देने का सिलसिला शुरू हो गया। सबसे पहले योगी आदित्यनाथ ने ही भतीजे अंनत को हल्दी लगाई। करीब 12 बजे तक मुंडन संस्कार संपन्न हो गया। इसके बाद मेहमानों ने अंनत को गिफ्ट देने शुरू कर दिये। दोपहर एक बजे मेहमानों के लिये भोजन परोसना शुरू कर दिया गया। जिसमें अरहर, उड़द की दाल, आलू-गोभी, चौलाई की सब्जी, रायता, छोले, हलवा, अरसे और पकौड़े,चटनी भी परोसी गये। करीब डेढ़ बजे योगी आदित्यनाथ ने अपने परिजनों के साथ कमरे में भोजन किया। इसके बाद घर में ही उनका जनता दरबार भी लगा। जहां लोगों ने क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत कराया। बीती मंगलवार रात करीब 11 बजे तक सीएम योगी आदित्यनाथ अपने परिजनों के बीच रहे। रात्रि दस बजे के आसपास भोजन किया। भोजन में दाल,रोटी,सब्जी,खीर और पकौड़ी चटनी के साथ परोसी गई।जिसके मेहमानों के साथ परिवार के लोगों ने चाव से खाया। इस दौरान पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत, शिक्षामंत्री धन सिंह रावत, यमकेश्वर विधायक रेणू बिष्ट के साथ ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख दिनेश भट्ट एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक के साथ दारोगा ने किया दुर्व्यवहार और हाथापाई, विंध्याचल मंदिर में घटना के बाद एमएलए का फूटा गुस्सा



विंध्याचल में मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन पूजन के लिए पहुंचे उन्नाव से भाजपा विधायक अनिल सिंह ने मंदिर में तैनात एक दारोगा पर बदसलूकी व हाथापाई का आरोप लगाया है। घटना से आक्रोशित विधायक ने दारोगा गुंडा बताते हुए अधिकारियों से शिकायत की है। विधायक के अनुसार वह अपने परिजनों के साथ दोपहर करीब एक बजे अपनी गाड़ियों के साथ न्यू वीआईपी मार्ग से विन्ध्यवासिनी मन्दिर पहुंचे थे। वहां ड्यूटी पर तैनात दारोगा ने उनके पिता और वाहन चालक से बदसलूकी और हाथापाई की। विधायक के बातचीत करने पर उनके साथ भी दर्व्यवहार किया। विधायक ने कहा कि जब मैं कुछ नहीं था, तब से मंदिर आ रहा हूं। विधायक होने के बाद भी बिना प्रोटोकॉल आम लोगों की दर्शन पूजन के लिए आता रहा हूं। विधायक ने कहा कि अगर मन्दिर के निकट तक गाड़ियों का प्रवेश वर्जित है तो गाड़ी का चालान करना चाहिए था या आर्थिक दण्ड लगाना चाहिए था। लेकिन दारोगा गुंडादीं पर उतर आया। विधायक ने कहा कि घटना को विधानसभा में उठाया जाएगा। जब विधायक के परिवार के साथ इस तरह वर्दी की धौंस दिखाकर दुर्व्यवहार किया गया तो आम लोगों के साथ क्या होता होगा? उन्होंने कहा कि नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह से फोन कर शिकायत की गई है। पुलिस के उच्चाधिकारियों से भी दारोगा की शिकायत की जाएगी। उसके निलंबन की मांग होगी। विधायक ने कहा कि यहां के स्थानीय लोगों ने भी दारोगा की शिकायत की है। लोगों ने बताया कि दारोगा अक्सर श्रद्धालुओं और दुकानदारों से दुर्व्यवहार करता रहता है। मामले की जानकारी पर थाना प्रभारी नीरज पाठक विधायक के पास पहुंचे और उन्हें मनाने में जुटे रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## लापरवाही के चलते नाबालिक लड़की की चली गई जान,नहीं मिला समय पर इलाज, जिम्मेदार कौन पूछते हैं मृतक के परिजन



रोशन उइके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

छिंदवाड़ा -जुन्नारदेव जनपद मुख्यालय अंतर्गत ब्लॉक तामिया के मानेगांव मृतक के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 वर्षीय मृतिका प्रियंका पिता सुदामा अहके जानकारी देते हुए बताते हैं कि आज अचानक तेज बारिश होने के चलते खेत में बिजली गिरने के कारण पानी नहा रही युवती बुरी तरह झुलस गई परिजनों द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन लगभग 2 घंटे इलाज नहीं मिलने के कारण प्रियंका की मौत हो गई आखिर इसके जिम्मेदार कौन? सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसी लापरवाही उचित नहीं जिसके कारण मासूम युवती की जान चली गई उच्च अधिकारियों को मामले पर ध्यान देने की जरूरत जिससे कि ऐसी दुर्घटना आने वाले समय में ना हो कहीं ना कहीं परिजनों के मन में सवाल है कि समय पर इलाज मिल जाता तो आज मृतिका बच सकती थी ऐसी दुखद घटना पर उच्चाधिकारियों जिला प्रशासन को मामले पर संज्ञान लेना चाहिए।

## सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्म उत्सव

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-भगवानपरशुरामजी के अवतरणदिवस के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मंडल द्वारा आयोजित समारोह एवं प्रसादी ( भंडारे ) का शुभारंभ शहर विधायिका श्रीमती मुक्ता राजा जी और पूर्व विधायक श्री संजीव राजा जी,भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ विवेक सारस्वत जी ने भगवान परशुराम जी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया, इस अवसर पर संगठन में नये पदाधिकारियों को शामिल कर अभिनंदन किया विधायक दम्पति समाज सेवी श्री मनीष बिट, सचिन शर्मा जी वैभव गौतम जी व अन्य पार्षद गणों को उत्तरीय ओढा व सम्मान पत्र भेंटकर अभिनंदन किया

मंडल अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश शर्मा जी और जिला अध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा जी की टीम बधाई की पात्र है अरविन्द पंडित, प्रदेश महासचिव, सर्व ब्रह्माण् महासभा, उत्तर प्रदेश आदि लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

## हत्या के प्रयास के 02 आरोपीयो को किया गया गिरफ्तार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-प्रार्थिया श्रीमती सागन गोस्वामी पति कृष्ण गोस्वामी उम्र 40 वर्ष साकिन रानीझाप बाबाटोला थाना गौरेला की दिनांक 03-05-2022 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि कल दिनांक 02-05-2022 को गांव के दुकानदार गिरधारी राठौर को दुकान मे सिलोशन बेचने से मना किया था बच्चे बिगड़ रहे है कहने पर गिरधारी राठौर ने इसके पति कृष्ण के साथ लड़ाई झगड़ा किया था दिनांक 03-05-2022 को यह अपने घर के बाड़ी मे बर्तन धो रही थी इसके बाड़ी के शासकीय हेण्ड पंप लगा हुआ है जिसमे गांव के लोग पानी भरने आते है उसी समय गांव का गिरधारी राठौर पानी भरने आया हुआ था जिसे प्रार्थिया देखकर बोली कि कल तुम मेरे पति को गाली गुप्तान क्यो कर रहे थे उसी बात से गुस्सा होकर गिरधारी राठौर प्रार्थिया को गाली गुप्तार करने लगा विरोध करने पर गिरधारी राठौर के द्वारा इसके बाल को पकड़ कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा इसका पति कृष्ण गोस्वामी बीच बचाव करने आया तो गिरधारी राठौर का भतीजा सोनू राठौर अपने घर से एक सब्बल लेकर आया और जान से मारने के नियत से इसके पति कृष्ण गोस्वामी के सिर मे मारा जिससे उसका सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। गिरधारी राठौर प्रार्थिया और इसके पति को डण्डा से मारपीट किया है। गंभीर अपराध की सूचना थाना प्रभारी गौरेला युवराज तिवारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के द्वारा पीड़िता को तत्काल उपचार मुहैया कराने के तथा आरोपी गिरफ्तारी करने का निर्देश दिए। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी युवराज तिवारी एवं उनकी टीम के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी गौरेला एवं टीम के द्वारा प्रकरण में विधिसम्यक कार्यवाही करते हुए आरोपी ( 1 ) सोनू राठौर पिता शीतल प्रसाद राठौर उम्र 30 वर्ष साकिन रानीझाप बाबाटोला ( 02 )गिरधारी लाल राठौर पिता स्व. तुलसी राम राठौर उम्र 48 वर्ष साकिन रानीझाप बाबाटोला को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त सब्बल जप्त कर गिरफ्तारी उपरांत न्यायिक रिमांड मे भेजा जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही एवं आरोपी गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा प्रधान आरक्षक पीयूष तिर्की ,आरक्षक नरेश कैवर्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फेसबुक पर हुआ प्यार, प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाया अपने गांव, जमकर धुनाई हुई प्रेमी की

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-खैर- एक लड़का - लड़की के बीच फेसबुक पर हुआ प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि प्रेमिका ने प्रेमी को अपने गांव बुला लिया दोनों एकांत में मिल रहे थे तभी गांव वालों की नजर पड़ गई तो युवक को जमकर पीटा गया लड़की के स्वजन ने युवक वह अपनी बेटी पर भी हाथ साफ किए पुलिस लड़के को कोतवाली ले गई इसके बाद गुस्से से तमतमाती किशोरी थाने पहुंच गई 7 बोली, मैं प्रेमी से ही शादी करूंगी बेटी के इतना कहते ही पिता ने उसे घर ले जाने से इंकार कर दिया यह है मामलाल कोतवाली क्षेत्र के गौमात रोड स्थित एक गांव की 10वीं में पढ़ने वाली किशोरी को फेसबुक पर एक लड़के से दोस्ती हुई चैटिंग के दौरान बातें शुरू हुई दोस्ती प्यार में बदल गई धीरे - धीरे प्यार परवान चढ़ने लगा लड़के ने किशोरी को खूब सब्जबाग दिखाए दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई रविवार को दोनों ने मुलाकात का प्रोग्राम बनाया 7 शाम को किशोरी ने लड़के को अपने गांव बुला लिया एक घर में एकांत में दोनों मिल रहे थे तभी ग्रामीणों ने अनजान लड़के के साथ किशोरी को देख उसके स्वजन को सूचना दी ग्रामीणों ने लड़के की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया स्वजन ने लड़की को भी पीटा इसके बाद कोतवाली में पहुंची 16 वर्षीय किशोरी ने बताया कि स्वजन ने उसे पीटा है इसलिए अब अपने घर नहीं जाएगी अपने प्रेमी से ही शादी करेंगी सूचना पर लड़के के स्वजन भी कोतवाली पहुंच गए इस मामले में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि रविंद्र चौधरी पुत्र सुरेश गांव जिरोली थाना सासनी हाथरस के खिलाफ शांतिभंग में कार्यवाही की है वहीं किशोरी को उसके पिता ने घर ले जाने से मना कर दिया इसलिए किशोरी को चाइल्ड लाइन सेंटर भेजा गया है

## जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के पटल का निरीक्षण किया



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन-जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के पटल का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेख फौजदारी नकल रजिस्टर आदि अभिलेखों की जांच कर जायजा लिया। उन्होंने पटल सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि किसी भी वादकारी को अनावश्यक परेशानी ना उठाने पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पटल सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुरानी वादकारी पत्रावली को जल्द तारीख लगाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अभिलेखों का रखरखाव व साफ-सफाई बेहतर रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

www.knlslive.com

## फेसबुक पर हुआ प्यार, प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाया अपने गांव, जमकर धुनाई हुई प्रेमी की

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-खैर- एक लड़का - लड़की के बीच फेसबुक पर हुआ प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि प्रेमिका ने प्रेमी को अपने गांव बुला लिया दोनों एकांत में मिल रहे थे तभी गांव वालों की नजर पड़ गई तो युवक को जमकर पीटा गया लड़की के स्वजन ने युवक वह अपनी बेटी पर भी हाथ साफ किए पुलिस लड़के को कोतवाली ले गई इसके बाद गुस्से से तमतमाती किशोरी थाने पहुंच गई 7 बोली, मैं प्रेमी से ही शादी करूंगी बेटी के इतना कहते ही पिता ने उसे घर ले जाने से इंकार कर दिया यह है मामलाल कोतवाली क्षेत्र के गौमात रोड स्थित एक गांव की 10वीं में पढ़ने वाली किशोरी को फेसबुक पर एक लड़के से दोस्ती हुई चैटिंग के दौरान बातें शुरू हुई दोस्ती



प्यार में बदल गई धीरे - धीरे प्यार परवान चढ़ने लगा लड़के ने किशोरी को खूब सब्जबाग दिखाए दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई रविवार को दोनों ने मुलाकात का प्रोग्राम बनाया 7 शाम को किशोरी ने लड़के को अपने गांव बुला लिया एक घर में एकांत में दोनों मिल रहे थे तभी ग्रामीणों ने अनजान लड़के के साथ किशोरी को देख उसके स्वजन को सूचना दी ग्रामीणों ने लड़के की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया स्वजन ने लड़की को भी पीटा इसके बाद कोतवाली में पहुंची 16 वर्षीय किशोरी ने बताया कि स्वजन ने उसे पीटा है इसलिए अब अपने घर नहीं जाएगी अपने प्रेमी से ही शादी करेंगी सूचना पर लड़के के स्वजन भी कोतवाली पहुंच गए इस मामले में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि रविंद्र चौधरी पुत्र सुरेश गांव जिरोली थाना सासनी हाथरस के खिलाफ शांतिभंग में कार्यवाही की है वहीं किशोरी को उसके पिता ने घर ले जाने से मना कर दिया इसलिए किशोरी को चाइल्ड लाइन सेंटर भेजा गया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मुरादाबाद में मंत्रियों का जमावड़ा, कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की



मुरादाबाद-प्रदेश के जल शक्ति मंत्री एवं मुरादाबाद मंडल के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह व समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार मुरादाबाद पहुंचे। फिलहाल जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद अब पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है। जल शक्ति मंत्री प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, इस लिहाज से उन्होंने संगठन के बारे में भी जानकारी ली। बैठक के दौरान बैठने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने जिला-महानगर संगठन पर नाराजगी व्यक्त की। कुर्सियों की संख्या को लेकर जल शक्ति मंत्री ने कहा जब जानकारी थी तो पहले से व्यवस्था करनी चाहिए। फिलहाल अभी बैठक का सिलसिला जारी है। इसके बाद वह छजलेट ब्लाक के गांव शाहपुर मुबारकपुर में पहुंचकर कुछ विकास के प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सर्किट हाउस में भाजपा के नेताओं का जमावड़ा लगा है काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे हैं।

# ठाकुरद्वारा में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, बैंक प्रबंधक की मौत



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के पंडितपुर और चमरपुरा के बीच बैंक प्रबंधक की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बैंक प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी 108 एंबुलेंस से उन्हें राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। बैंक प्रबंधक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा खालसा के मूल और हाल उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी अभय देव सिंह सर्व यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक की इग्राह शाखा में प्रबंधक थे। बताते हैं कि गोपीवाला सर्व यूपी प्रथमा ग्रामीण बैंक में किसी अनियमितता की जांच के लिए अभय देव सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। बुधवार की दोपहर सर्व यूपी प्रथमा ग्रामीण बैंक इग्राह शाखा से काम निपटा कर कार से गोपीवाला की ओर चले। उनकी कार जैसे ही पंडितपुर और चमरपुरा के बीच पहुंची तो तभी कार का स्टीयरिंग अनियंत्रित हो गया।

आशंका जताई जा रही है कि अभय देव सिंह को झपकी आई या फिर कार का स्टीयरिंग फेल हो गया। कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अभय देव सिंह गंभीर घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में सरकारी 108 एंबुलेंस से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

# सुरजन नगर में बाइक से गिरा सात साल का मासूम, मौत



मुरादाबाद-चौकी क्षेत्र के नौमी वाले स्थान पर सात साल के बेटे संग बाइक से चारा लेकर लौट रहे युवक की बाइक गड्ढे में फंसकर फिसल गई। हादसे में युवक का सात साल को बेटा बाइक के नीचे दब गया। इससे वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में मासूम को लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सुरजन नगर निवासी विनीत कुमार खेती का कार्य करने के साथ-साथ पशुपालन का भी काम करता है। बुधवार की सुबह वह सात वर्षीय पुत्र हर्षित को लेकर सूर्य नगर में ही नौमी वाले स्थान पर अपने खेतों में लेकर गया था। वहां से पशुओं का चारा लेकर बेटे हर्षित को बाइक से लेकर लौट रहा था। रास्ते में गड्ढे के कारण बाइक फिसल गई। इससे विनीत एवं हर्षित बाइक सहित नीचे गिर गए। हादसे में हर्षित बाइक के नीचे दब गया। इससे वह बेहोश हो गया। यह देखकर विनीत के होश उड़ गए। आनन-फानन में मासूम हर्षित को लेकर चिकित्सक के यहां लाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। हर्षित की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। हर्षित अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। उसकी एक छोटी बहन दिव्या है। हर्षित कक्षा दो का छात्र था और पढ़ने में काफी होशियार था। हर्षित पूरे परिवार की आंखों का तारा था। उसकी मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिता विनीत बेटे की मौत के बाद से ही गहरे सदमे में है।

## ढांढस बंधाने वालों की छलकी आंखें

मासूम हर्षित की मौत से परिवार के साथ मोहल्ले में भी गम का माहौल रहा। परिजनों को ढांढस बंधाने वालों की आंखें भी भर आईं। मासूम की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। मोहल्ले के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला।

# मुरादाबाद में कोविड के केस बढ़ने से सख्ती, कंट्रोल रूम में चौकसी बढ़ी

मुरादाबाद-मुरादाबाद में कोविड के नए केस मिलने के बाद सतर्कता बढ़ा दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कोविड कंट्रोल कमांड सेंटर में टीम को लगातार सक्रिय रहने को कहा है। सारे इंतजाम आनन फानन मुकम्मल किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रशासन की टीमें काम करेंगी। निगरानी समितियों को भी सक्रिया किया जा रहा है। लोगों का जागरूक करने के लिए भी कहा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एमपी सिंह ने कहा कि हम लोग चौथी लहर को लेकर पहले से सावधान मुद्रा में हैं। कोविड कंट्रोलरूम में पहुंच कर उन्होंने गौरव त्यागी से आवश्यक जानकारी ली। निर्देश दिए कि पूरी तरह से सक्रियता बरती जाए। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि सीएमओ दफ्तर से समन्वय बना कर प्रशासनिक अधिकारी लगातार सक्रियता बरतें। ड्रग इंस्पेक्टर मुकेश जैन ने बताया कि उनकी ओर सारी तैयारी है। ज्यादातर अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट आदि की स्थिति को चेक किया जा रहा है। जिससे ऐन वक्त पर किसी तरह की समस्या नहीं हो। कोविड कंट्रोल रूम का संचालन कलेक्ट्रेट से किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह भी कोविड कमांड सेंटर का अवलोकन कर सकते हैं इस लिहाज से भी तैयारी की जा रही है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# सिविल लाइंस में बेहोश मिली लखनऊ की महिला

मुरादाबाद-रेलवे स्टेशन के पास कुछ लोगों ने सोमवार शाम को एक महिला को बेहोशी की हालत में देखा था। आसपास वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने उस महिला को अस्पताल को भर्ती कराया। उसके छोटे बच्चे को पास के ही रहने वाले एक युवक को सौंप दिया। हालत में सुधार होने पर महिला अपने बच्चे को लेकर लखनऊ रवाना हो गई। सोमवार शाम रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर कुछ लोगों ने एक महिला को बेहोशी की हालत में देखा था। उसके पास बैठा छोटा बच्चा रो रहा था। यह देखकर आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। जानकारी मिलने के बाद सिविल लाइंस पुलिस भी आ गई। महिला को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस छोटे बच्चे को पुलिस ने राहुल नाम के युवक के घर पर पहुंचा दिया था। उपचार के बाद महिला बिल्कुल ठीक हो गई। इसके बाद वह सिविल लाइंस थाने पहुंची। पुलिस को महिला ने बताया कि वह लखनऊ के थाना सरोजनीनगर के गांव बिजनौर निवासी शहनाज है। उसे किसी चीज का नशा हो गया था। वह ट्रेन में बैठकर यहां गई थी।

सोमवार शाम को एक महिला को बेहोशी की हालत में देखा था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। सही होने के बाद वह बच्चे के साथ घर चली गई।-आशीष कुमार शुक्ला, सिविल लाइंस प्रभारी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख, समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# The theory is fine..


That's the issue. Experts are of the opinion that if not all people are vaccinated, there will be room for new variants of the virus to arise. If a newer variant arrives, it can neutralize the old vaccination. That's why it is necessary to vaccinate everyone. The issue is being debated around the world. The Supreme Court ruling that one's body cannot be violated without its consent is in line with the modern notion of personal liberty. But the context in which the Supreme Court said this, there is certainly room for debate. After all, the challenge before any society is to strike a proper balance between individual liberty and larger social objectives. In this case one has to step by step. The thing to be taken care of is that in the care of fulfilling one objective, the other objective should not be violated. The Supreme Court has said that no one can be compelled to take the Kovid vaccine. The court said that the conditions imposed by some state governments and institutions regarding access to public places on people who have not got the Kovid vaccine are not correct. By the way, the court upheld the government's Kovid vaccination policy and said that the way the threat of corona virus had arisen in the country, the policy of vaccination was fine. But that is the point. Experts are of the opinion that if not all people are vaccinated, there will be room for new variants of the virus to arise. If a newer variant arrives, it can neutralize the old vaccination. That's why it is necessary to vaccinate everyone. There is an ongoing debate on this issue around the world. A large group of opponents of the vaccine has come to the fore in different countries. It is difficult to say whether these groups have scientific facts and arguments. Therefore, it was expected that the Court would give a scientific opinion. However, a bench of Justices L Nageswara Rao and BR Gavai accepted the plea which held that making vaccination a condition of access to benefits or services was a violation of the rights of citizens. Therefore it is unconstitutional. Then if this argument is taken forward, then will it be called constitutional to collect biometric data of any person without his consent? Would forced DNA tests of a person or continuous surveillance through CCTV cameras be considered justified? The court has a different view on these matters. In such a situation, there is full scope for questioning the latest decision.

# Lock Upp: Did Payal Rohatgi try to commit suicide? Kashmira Shah told the truth



Kangana Ranaut's reality show Lock Up has been interesting from day one. The show witnessed many twists and turns and now it is moving towards the finale. So, in the lock-up recently, it was shown that the contestants would have to tell some of their secrets to keep themselves safe. In this task, Payal Rohatgi had told in his secret that he drank alcohol continuously for 48 hours and also tried to commit suicide. He also told the reason behind this in the show. Now no one knew how much truth there was in this. But now Kashmera Shah has come out in support of Payal and she has told the whole truth of this matter. Kashmir Shah supported - After this, now Kashmera Shah tweeted and wrote- 'Friends, she is telling the truth. . I met him and was with him one night. Because I was worried that he should not do anything. I never wanted to talk about this. But I don't want you guys to think that she is lying for her votes. Payal is telling absolutely the truth.' What was Payal's secret - Payal Rohatgi had told in the show, 'There was a love angle in her life which proved to be very harmful for her life. She was forced to drink alcohol and continued to drink for 48 hours. At one point he even contemplated suicide and tried to amputate his hand. No one in their house knows about this.' Sangram Singh is in a relationship - At present, Payal Rohatgi is dating Sangram Singh for 12 years. The two met during the reality show Survivor India. It is being said that after the end of the show, both can tie the knot. Praising Payal, Sangram Singh said, 'Payal is a very nice girl. We are equal, every couple thinks and lives the same. We had planned a wedding in March but both of us will get married in July around our birthday due to work. God bless all.'

# When the fans ransacked the shop to meet Munna Bhaiya, the actor had to go through the back way




After the web series Mirzapur, the fan following of Bollywood actor Divyendu Sharma has become very high. In this web series, he played the character of Munna Bhaiya, which has become quite a hit and popular. Many fans know him as Munna Bhaiya. Meanwhile, Divyendu Sharma has revealed that the crowd of fans ransacked for not meeting once. This incident was from Kanpur. Divyendu Sharma recently spoke to the English website Hindustan Times through chat. During this, apart from his film career, he also talked a lot about fan following. Before the web series Mirzapur, Divyendu Sharma became very famous with the character of Liquid in the film Pyaar Ka Punchnama. Both Munna Bhaiya and Liquid characters gave him a special identity in the film industry. Talking about these two characters, Divyendu Sharma said, "Pyaar Ka Punchnama on one side and Mirzapur on the other, both of them gave an opportunity to people to show my world. I could show my art to the directors or the audience, but it helped me a lot to get recognized as a good artist and maybe not as someone who is good at only one thing.'About my character in Mirzapur While talking in I said, 'Mirzapur has taken it to a different level. People really love Munna (his character in the show) and he expresses himself within himself. When I was shooting in UP or MP, I used to meet a lot of people. Whenever I used to come out of my vanity van, the boys used to say 'Bhaiya mein Bhaiya Munna Bhaiya!' I had heard such voices at the airport also.' Divyendu Sharma, referring to an incident, said that people in North India had liked Munna Bhaiya a lot. He said, 'Once I was shooting for Kanpuriye show at a cyber cafe in Kanpur. There was a crowd outside so the production asked me to go through the back door because it was really crowded. Those people got very angry so they broke the glass of the shop'. The actor further said, 'While in Mumbai when I go out, people recognize me but they are civilized and do not vandalize. Elsewhere it is even more spectacular. However, Divyendu Sharma has not said this as a complaint for the vandalized fans. Ending his talk, he says, 'When you love someone with a character, I myself think how it is. It is a wonderful feeling.'"More about this source textSource text required for additional translation information"Send feedback"Side panels

# निर्माणाधीन जवाहर तापीय परियोजना से इस साल भी मायूसी बनी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -देशभर में छाए बिजली संकट के बीच एटा में 1320 मेगावाट क्षमता की निर्माणाधीन जवाहर तापीय परियोजना से इस साल भी मायूसी बनी हुई है। अप्रैल 2021 में हैंडओवर कर बिजली उत्पादन शुरू किया जाना था, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में 2023 से पहले उत्पादन की उम्मीद भी नहीं है। मलावन क्षेत्र में करीब 350 हेक्टेयर भूमि में निर्माणाधीन परियोजना का निर्माण कार्य दक्षिण कोरिया की कंपनी दूसान द्वारा किया जा रहा है। 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां तैयार की जा रही हैं। 2016 में इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया था। 48 महीने में प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा कर इसे विद्युत उत्पादन निगम के हैंडओवर किया जाना था। बाद में इसका समय बढ़ा दिया गया। इसके मुताबिक अप्रैल 2021 से बिजली उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन परियोजना लेटलतीफी का शिकार हो गई। एक साल बाद भी करीब 20 फीसदी काम बचा हुआ है। जिसे पूरा करने, हैंडओवर और ट्रायल प्रक्रिया किए जाने में साल का अंत होना तय माना जा रहा है। समय से काम होता तो व्यवस्था में दे रही होती योगदान इस समय बिजली की मांग बेहद ज्यादा है। हालांकि उत्पादन में कोयला की कमी बाधा बनी हुई है। वहीं परियोजनाओं की काम करने की भी क्षमता होती है। ऐसे में एटा की परियोजना का निर्माण समय से पूरा हो गया होता तो यह व्यवस्थाओं में काफी महत्वपूर्ण योगदान दे रही होती।

# सडक हादसे में 8 की मौत, 11 घायल



एटा -कासगंज-थाना पटियाली क्षेत्र में अशोक पुर के पास आटो और बलैरो की आमने सामने की टक्कर में छह लोगों को मोके पर ही मौत हो गई जबकि आटो चालक सरनाम की व एक महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई मृतकों में पांच महिलाऐं और दो बच्चे भी बताए जाते हैं, बताया जाता है कि ज्यादा तर लोग घसिया चिलौली थाना कायम गंज , फर्रुखाबाद के निवासी बताए जाते हैं जो बहादुर पुर किसी धार्मिक कार्य क्रम में जा रहे थे! घटना की सूचना पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे घटना स्थल पर पहुँच गए और घायलो को समुचित इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया बाद में दोनों अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुँच कर घायलों का हाल चाल जाना तथा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया!

# आपसी मतभेदों के चलते भतीजे ने चाचा को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -थाना जलेसर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जलेसर पुलिस द्वारा इंटेलिजेंस विंग व स्वॉट टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए करीब 07 दिन पूर्व थाना जलेसर क्षेत्र में हुई एक व्यक्ति की हत्या का सफल अनावरण करते हुए आरोपी भतीजा आलाकात्ल ( एक अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस ) सहित गिरफ्तार, पूर्व के आपसी मतभेदों के चलते दिया था घटना को अंजाम। घटना का विवरण- दिनांक 25.04.22 को समय सुबह करीब 04ः00 बजे थाना जलेसर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना जलेसर क्षेत्रांतर्गत ग्राम ग्राम उमराव नगर मजरा बढ़ावली थाना जलेसर में एक व्यक्ति रतिभान सिंह पुत्र चिरंजी लाल निवासी ग्राम उमरावनगर, बढ़ावली थाना जलेसर की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, जिसके संबंध में स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जलेसर पर मुअसं- 96/22 धारा 302 भादंवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी/अनावरण- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए टीम गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना प्रभारी जलेसर को निर्देशित किया गया। दिनांक 01.05.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री इरफान नासिर खान के कुशल नेतृत्व में जनपदीय इन्टेलीजेंस विंग व स्वाट टीम और थाना जलेसर पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त कृष्णचन्द उर्फ भोला पुत्र मलिखान सिंह निवासी उमरावनगर मजरा बढावली थाना जलेसर एटा को जलसेर निधौली रोड़ बढावली मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस 12 बोर ग्राम उमरावनगर में ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन की झाडियों से बरामद किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना जलेसर पर मुअसं- 111/2022 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर "आदरी"ने किया सत्तू का प्रसाद वितरण



एटा -एटा नगर के शांति नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर पर एस्ट्रोलॉजी ऑल डायमेंशन रिसर्च इंस्टीट्यूट की निदेशक श्रीमती किरन ने अपनी टीम के सहयोग से अक्षय तृतीया के अवसर पर सत्तू और रस का प्रसाद वितरण किया। अक्षय तृतीया का ज्योतिष और हिंदू धर्म में बहुत ही मान्यता है। इस अवसर पर पूरे देश में कोई ना कोई कार्यक्रम एवं शुभ कार्य करते हैं और ऐसे कार्यक्रम करके पुण्य कमाते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की निदेशक श्रीमती किरन ,विधि राजमूर्ति, पूनम अग्रवाल ,मंदिर की पुजारिन गीता दीक्षित, रेखा पाठक ,श्रीमती सरिता एडवोकेट ,देवेंद्र लोधी एडवोकेट सचिव- पंचायत विकास संस्थान, राहुल वाल्मीकि, जितेंद्र यादव ,संरक्षक की भूमिका में राज बहादुर उपाध्याय और सतीश पाठक, पंकज उपाध्याय मुनेंदवीर गुप्ता उपस्थित रहे।

# पटियाली के ग्राम अशोकपुर पर भीषंण मार्ग दुर्घटना, कई लोगों ने तोड़ा मौके पर दम तो कई घायल उपचार के लिए हुऐ रैफर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -कासगंज -मगंलवार को प्रात्त लगभग 9 बजे के बाद पटियाली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर पर भीषण मार्ग दुर्घटना में सूत्रों के अनुसार कई पुरूष व महिलाओं एवं बच्चों के मौके पर ही कालकलवित होने एवं अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया है ! मौके पर एसडीएम पटियाली व सीओ पटियाली सहित कोतवाली पटियाली का पुलिस बल मौजूद रहकर गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला चिकित्सालय पहुंचाने में व्यस्त दिखायी दिया ! प्राप्त विवरण के अनुसार पटियाली से अलीगंज रोड पर हुई भीषण दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त हुऐ टैम्पो में सवार भोले बाबा के अनुयायी बताऐ जा रहे हैं ! पटियाली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे की सूचना आला अधिकारियों को दे दी गई है तथा मौके पर पुलिस एवं नागरिकगंण राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुऐ हैं ! जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रत्नेश बॉबी कश्यप ने अचानक हुऐ इस भीषण हादसे में कालकलवित हुऐ लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुऐ जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से घटना में गंभीर घायलों को बेहतर उपचार प्रदान करने का आग्रह किया है !

# अवैध खनन: नदी किनारे काश्तकारों पर कार्रवाई की तैयारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -काली नदी से खनन करने वालों का जिम्मेदार पता नहीं लगा सके। इन्हें छोड़ नदी किनारे के काश्तकारों पर कार्वाई की तैयारी की जा रही है। पैमाइश कराई गई है। इसमें 38 काश्तकारों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें नोटिस देकर उन पर जुर्माना तय किया जाएगा। आरोप यह है कि उन्होंने अपने खेतों से होने वाले खनन की सूचना पुलिस या अन्य किसी विभाग को नहीं दी। काली नदी किनारे चार थाना क्षेत्रों के गांवों से लगातार खनन किया जा रहा है। जबकि पूरे जिले में कोई भी खनन पट्टा आवंटित नहीं है। अवैध रूप से कई साल से यह कारोबार चल रहा है। इसके बावजूद खनन माफियाओं पर आज तक कोई कार्वाई नहीं की गई। हर महीने लाखों रुपये की बालू यहां से निकालकर बेच दी जाती है। अमर उजाला ने जब इस मुद्दे को उठाया तो प्रशासन ने कुछ सजगता दिखाने की जहमत की। हालांकि निचले स्तर पर अभी भी माफियाओं को बचाने का खेल जारी है। खनन और राजस्व विभाग की टीम ने नदी किनारे पैमाइश कर ली। इसमें यह पता नहीं लगा पाए कि खनन कौन कर रहा है? लेकिन नदी के किनारे जिन काश्तकारों के खेत हैं, उनका चिह्नांकन जरूर किया गया है। कार्वाई के नाम पर इन काश्तकारों पर ही सरकारी आरी चलाने की तैयारी है। इनके नाम नोटिस तैयार कर लिए गए हैं। जिनसे खनन अधिनियम के तहत जुर्माना वसूल किया जाएगा।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मनरेगा कर्मियों के हडताल से चरमराई ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला- आज लगातार 31 वें दिन भी मनरेगा अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपनी नियमितिकरण की मांग को लेकर धरने मे बैठे हुये है, जिसके कारण ग्रामीण अर्थ्व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम ग्रामीणो को रोजगार की गारंटी देता है, किन्तु इस योजना को जमीनी स्तर पर परिणिति करने वाले कर्मचारियों को रोजगार की गारंटी नहीं है। पांच वर्षों मे लगभग तीन हजार कर्मचारियों की सेवा समाप्ति कर दी गई है अथवा स्वत्ः छोड दिये है। सोलह वर्षो से लगातार सेवा देने पर भी छः हजार वेतन मे काम करने पर ग्राम रोजगार सहायक मजबूर है। इस बेरोजगारी की मार मे समान वेतन मान नियम के बावजूद मनरेगा अधिकारी कर्मचारी आधी से कम तनख्वाह मे काम कर रहे है। बिगत वर्षो मे जिनके बलबूते पर राज्य सरकार से नये कीर्तिमान स्थापित किये हो, वे कर्मचारी साढे तीन वर्षो से वेतन बढने का इंतेजार कर रहे है। जहां कर्मचारियों को अपनी मांगे शासन के समक्ष रखने के लिये 42-44 डिग्री तापमान मे 390 किमी की पदयात्रा करने पर विवश होना पडा। जहां अप्रेल माह मे इस जिले मे लगभग 29 लाख रूपये का मजदूरी भुगतान हो जाना चाहिये था, वहा इस वर्ष अप्रेल माह मे शून्य भुगतान किया गया है। इस तमाम परिस्थितियों ले बीच तो सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इस सब का जिम्मेदार कौन है? जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा



विधानसभा चुनाव मे घोषणा पत्र जारी कर अनियमित कर्मचारियों को दस दिवस मे नियमित करने का वादा किया गया रहा हो।

## चुनावी जन-घोषणा पत्र मे किये गये वायदे

कांग्रेस पार्टी के चुनावी जन घोषणा पत्र 2018 मे अनियमित कर्मचारियों से नियमितिकरण का वादा किया गया था, तथा 14 फरवरी 2019 को छत्तीसगढ के माननीय मुख्यमंत्री श्री बघेल जी अगले साल अनियमित कर्मचारियों को नियमितीकरण की सौगात देने का वायदा किया गया था। परंतु साढे तीन वर्षों के व्यतीत हो जाने के उपरांत भी मनरेगा कर्मियों के द्वारा मुख्यमंत्री जी से इस संबंध में चर्चा किये जाने और वादा पूरा करने की बात की गई थी, परंतु अभी तक किसी भी प्रकार की शासन-प्रशासन द्वारा सुध नहीं ली गई। विदित हो कि मनरेगा कर्मियों को अपनी प्रतिवर्ष सेवा वृद्धि के लिये अपने आला-अफसर की इच्छा पर निर्भर रहना पडता है।

## वेतनमान निर्धारण और समय से वेतन नहीं

छत्तीसगढ के बहुत से मनरेगा कर्मचारियों को कार्य करते हुये लग्भग दस से पंद्रह साल बीत चुके है, परंतु विडंबना यह है कि जिला/ जनपद स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिये अभी तक कारगर नीति नहीं अपनायी गई है, यहां तक ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारी रोजगार सहायक, उनका तो अभी तक ग्रेड पे तक निर्धारित नहीं किया गया है। 15-16 साल से कार्यरत रोजगार सहायको को तो अभी तक मात्र 6000 रू वेतन दिया जाता है। उसमे भी 2021-22 मे मनरेगा कर्मियों को 5-6 माह का वेतन नहीं दिया गया, जिसके लिये इन्हे आंदोलन करने पर बाध्य होना पडा।

## राष्ट्रीय स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किन्तु नहीं बढा वेतन

भारत सर्कार, ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा विभिन्न वर्षों मे मनरेगा के उत्कृष्ट क्रियांवयन हेतु छत्तीसगढ राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये है, जो इन कर्मचारियों की मेहनत और योजना के प्रति समर्पण की साक्ष्य है। राज्य स्तर के राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत प्रदेश को मनरेगा के अंतर्गत अब तक कुल 09 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। जिला स्तर के राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत योजना के क्रियांवयन मे प्रभावी पहल के लिये राज्य मे अब तक 13 जिले पुरस्कृत है। विकासखंड स्तर पर जियो मनरेगा इनीशियेटिव के तहत जी.आई.एस. संपत्ति पर्यवेक्षण क्रियांवयन मे पामगढ विकासखंड को देश मे द्वितीय स्थान प्राप्त है। और साढे तीन साल से इन्ही कर्मचारियों का वेतन तक राज्य शासन द्वारा नहीं बढाया गया है।

## शासन की बेरूखी से मजदूर बेहाल-पलायन को मजबूर

विश्वस्त सूत्रो की माने तो मनरेगा कर्मियों की हदताल को लेकर प्रसासन का रवैया शुरूवाती दौर से बेरूखी पूर्ण रहा है। जिसका परिणाम यह है कि हडताल मे बैठे कर्मियों की सम्स्या का समाधान होने की बजाय आंदोलन और बढता जा रहा है। और ग्रामीण स्तर पर मजदूरों को रोजगार न मिलने के कारण ग्रामीणों मे बदहाली की स्थिति उत्पन्न हो रही है, और वे पलायन हेतु अन्य राज्यों मे जाने पर मजबूर हो रहे है।

## जिला स्तर पर मनरेगा कर्मियों के बदले वैकल्पिक व्यवस्था

जिला प्रसासन द्वारा मनरेगा कर्मियों के हडताल मे जाने के कारण मनरेगा के क्रियांवयन को लेके वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और आवास समन्वयक को कार्यक्रम अधिकारी, उप-अभियंता को तकनी सहायक, रोजगार सहायक का सचिव ग्राम पंचायत का प्रभार दिया गया है। और शासन को दिखाने के लिये इनके द्वारा फर्जी रूप से मस्टर रोल भी निकाले जा रहे है, परंतु आज 10दिन होने के बाद भी इनका भुगतान नहीं किया जा पा रहा है, ये तो ग्रामीणो के साथ सिर्फ छलावा किया जा रहा है। आज की आनलाईन रिपोर्ट के आधार पर 10642 मजदूरो के द्वारा कार्य की मांग की गई है जिसके एवज मे मात्र 67 मानव दिवस को रोजगार उपल्ब्ध हुआ है, जिसका भुगतान भी अभी तक लंबित है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु जनपद स्तरीय सोशल मीडिया सेल एवं कन्ट्रोलरूम स्थापित

रोशन उईके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

तामिया तेज रफ्तार शिफ्ट वाहन ने मारी टक्कर मेन मार्केट बस स्टैंड तामिया की घटना चार से पाच लोगो को आई चोट वाहन चालक शराब के नशे मे थे टक्कर मारने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर जुन्नारदेव की ओर भाग रहे थे तामिया के युवाओं ने साहस दिखाकर ईटावा से वाहन चालक को पकडकर तामिया थाने लाये तामिया पुलिस के स्टाफ भी वाहन को पकडने मे अहम भूमिका निभाई शराब के नशे मे चूर वाहन सवार दो युवक डुगरिया निवासी बताऐ जा रहे फिलहाल दोनो युवकों को तामिया पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया आगे की कार्यवाही जारी है।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन- कोंच कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर कांच के मंदिर के पास काफी समय से रह रहे पैजनिया गांव के मूल निवासी भगवत शर्मा पुत्र गपाई उम्र लगभग 60 वर्ष का शव खेत में लगे लिफ्ट्स के पेड़े से तोलिया के फंदा पर लटका देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया ग्रामीण जब सुबह शोच क्रिया को खेतों में गए तो पेड़ से शव को लटकता देख होश उड़ गए आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की सूचना पर पहुंची क्षेत्राधिकारी शाहिदा नसरीन ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी की परिजनों ने बताया कि मृतक काफी दिनों से घर से लापता थे तथा नशा के आदी थे लापता की सूचना पुलिस को दे दी गई थी मृतक के जेब से नशा की गोली तथा इंजेक्शन बरामद हुए पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु का कारण पता चल सकेगा क्षेत्राधिकारी से घटना की जानकारी करनी चाही तो उसने संपर्क नहीं हो सका।

# विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु जनपद स्तरीय सोशल मीडिया सेल एवं कन्ट्रोलरूम स्थापित

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह ने बताया है कि विद्युत समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेश के अनुपालन में जनपद स्तरीय सोशल मीडिया सेल एवं कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गई है। उन्होने बताया कि वर्तमान में अत्यधिक लोड बढ़ जाने के कारण सिस्टम कन्ट्रोल, पारेषण खण्ड (ऊर्जा प्रणाली) द्वारा रात्रि में आपातकालीन कटौती की जाती है। उपभोक्ताओं के द्वारा किये जाने वाले सभी फोन कॉल को रिसीव करने एवं उनका त्वरित निस्तारण करने तथा खण्ड स्तर पर ट्वीटर हैण्डिल फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों के ससमय निस्तारण कराये जाने हेतु जनपद स्तरीय सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। इसके साथ ही एक विद्युत कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24×7 क्रियाशील रहेगा।

उन्होने बताया कि विकास खण्ड गिलौला हेतु कन्ट्रोल रूम नम्बर- 7380338988, इकौना- 9670596029, जमुनहा- 9670922083, सिरसिया- 9670392049 एवं हरिहरपुररानी- 9670581537 है। उन्होने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियंताओं को निर्देशित किया है कि विभाग में आने वाली समस्त प्रकार की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए। सोशल मीडिया सेल हेतु नोडल अधिकारी सहायक अभियंता (राजस्व), विद्युत वितरण खण्ड, श्रावस्ती आशीष कुमार सरोज मोबाईल नंबर-9585050087 को नामित किया गया है।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527